# Amazon

## सप्लाय चेन मानक

सप्लाई चेन स्टैंडर्ड्स का आधिकारिक संस्करण अंग्रेजी भाषा संस्करण है, जो अनुवादित संस्करणों के साथ किसी भी संघर्ष या असंगति की स्थिति में प्रबल होगा।.

30 दिसंबर, 2022 को प्रकाशित

जनवरी 19, 2023 से प्रभावी

# अंतर्वस्तु

परिचय 4

समावेशन 4

निरंतर सुधार 4

सप्लाई चेन की जवाबदेही 4

श्रमिक के अधिकार 4

1. युवा कर्मचारियों और बाल मज़दूरों द्वारा किया जाने वाला काम 4

2. स्टूडेंट वर्कर, इंटर्न और प्रशिक्षु 5

3. अनैच्छिक या जबरन श्रम, मानव तस्करी और आधुनिक युग में बंधुआ मज़दूरी 5

4. प्रवासी कर्मचारी 5

5. मजदूरी और लाभ 5

6. कार्य के घंटे 6

7. भेदभाव-विरोधी 6

8. उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के खिलाफ़ 6

9. शिकायत का निवारण और उसकी रिपोर्ट करना 6

10. संघ की स्वतंत्रता 6

स्वास्थ्य और सुरक्षा 7

1. स्वास्थ्य और सुरक्षा 7

2. काम करने के लिए सुरक्षित माहौल, काम करने के लिए दौरान सुरक्षा और कार्यस्थल पर साफ़-सफ़ाई 7

3. शारीरिक श्रम वाले कार्य 7

4. आपातकालीन तत्परता और प्रतिक्रिया 7

5. मशीन से सुरक्षा 7

6. स्वच्छता और स्वास्थ्य 7

7. हाउसिंग 8

पर्यावरण 8

1. पर्यावरण 8

2. ऊर्जा की खपत और ग्रीनहाउस गैस का एमिशन 8

3. पर्यावरण संबंधी परमिट और रिकॉर्ड का रखरखाव 8

4. प्रभावी प्रबंधन और जोखिमपूर्ण तत्वों का निपटान 8

5. प्रभावी संसाधन मैनेजमेंट 8

6. पर्यावरण के हित में 8

ज़िम्मेदार और पर्यावरण के लिहाज़ से बेहतर तरीके से सामग्री और कमोडिटी की सोर्सिंग 9

1. खनिज 9

2. सामग्री और कमोडिटी की सोर्सिंग 9

# अंतर्वस्तु

ज़मीन और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े अधिकार 9

1. ज़मीन और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े अधिकार 9

नैतिक आचरण 9

2. भ्रष्टाचार-निरोधक 9

3. किसी गलत काम या व्यवहार की खबर देने वाले कर्मचारी की सुरक्षा 9

4. पारदर्शिता 9

5. गोपनीयता और डेटा सुरक्षा 9

6. ज़िम्मेदार आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस 9

7. व्यापार 9

प्रबंधन प्रणालियाँ 10

1. प्रबंधन प्रणालियाँ 10

3. संचार और कर्मचारी  प्रतिक्रिया 10

4. निवारण 10

5. दस्तावेज़ और रिकॉर्ड 10

# परिचय

Amazon में, हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे प्रोडक्ट और सेवाओं को बनाने और सप्लाई करने में मानवाधिकारों और पर्यावरण का पूरा ध्यान रखा जाए और हमारे कर्मचारियों के बुनियादी हितों का भी पूरा ख्याल रखा जाए. हम उन्हीं सप्लायर के साथ काम करते हैं जो इन सिद्धांतों के हिसाब से काम करते हैं. Amazon सप्लाई चेन स्टैंडर्ड ("स्टैंडर्ड") उन सभी सप्लायर पर लागू होते हैं जो Amazon और Amazon की सहायक कंपनियों के प्रोडक्ट और सेवाएं देते हैं, इनमें प्रोडक्ट या सेवा देने वाले, वेंडर, विक्रेता पार्टनर, कॉन्ट्रैक्टर और सबकॉन्ट्रैक्टर ("सप्लायर") शामिल हैं. हमारी प्रतिबद्धता और काम करने का तरीका, संयुक्त राष्ट्र (UN) और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा तैयार किए गए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रेमवर्क के हिसाब से तैयार किया गया है. Amazon, व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों, मानवाधिकारों की संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा, ILO के मुख्य समझौतों और मौलिक सिद्धांतों और काम के अधिकारों पर ILO घोषणा का सम्मान करने और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है. इन स्टैंडर्ड को ऊपर बताए गए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सिद्धांतों, मानकों और फ्रेमवर्क के आधार पर तैयार किया गया है. इन स्टैंडर्ड की व्याख्या करते समय, हम UN और ILO के दिशा-निर्देशों वाले कॉन्टेंट और परिभाषाओं का पालन करते हैं.

Amazon Store s में बेचे जाने वाली सभी प्रोडक्ट या Amazon को दिए जाने वाले प्रोडक्ट या सेवाओं को इन स्टैंडर्ड और सभी लागू कानूनों के तहत बनाया, निर्मित या उपलब्ध कराया जाना चाहिए. सप्लायर के लिए हमारे स्टैंडर्ड के मुताबिक स्टैंडर्ड का पालन करना जरूरी है ज़रूरी है, भले ही हमारे स्टैंडर्ड, लागू कानूनों की शर्तों से अधिक ही क्यों न हों.

सप्लायर को सभी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए और ऐसा करने में Amazon की मदद भी करनी चाहिए, जिसमें कानूनों और विनियमों का पालन करने से जुड़े Amazon के अनुरोध को मानना भी शामिल है. अगर लागू कानून और उन स्टैंडर्ड में कोई अंतर हो, तो सप्लायर को कानून का पालन करना चाहिए, हालांकि उन्हें ऐसे तरीके ढूंढने होंगे जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों और स्टैंडर्ड में दी गई अपेक्षाओं की भी अनदेखी न हो.

इन स्टैंडर्ड के संबंध में हम इन मुख्य सिद्धांतों का इस्तेमाल करते हैं:

**समावेशन**

सप्लायर को सभी कर्मचारियों के लिए हमारे स्टैंडर्ड लागू करने चाहिए, इसमें न तो किसी तरह का भेदभाव होना चाहिए और न ही कर्मचारियों की व्यक्तिगत विशेषताओं या कानूनी रूप से संरक्षित स्टेटस को देखा जाना चाहिए. हम मानते हैं कि हमारे स्टैंडर्ड में बताई गई समस्याओं का असर कुछ समूह पर अलग तरह से पड़ सकता है और शोषण और और अन्य मानवाधिकारों और पर्यावरणीय प्रभावों (जैसे, महिलाओं, बच्चों, मूल निवासियों, अस्थायी या प्रवासी कर्मचारियों) का असर उन पर पड़ने की संभावना ज़्यादा होती है. हम खास तौर से इन ग्रुप के जोखिमों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने सप्लायर के साथ मिलकर उन परिस्थितियों का मूल्यांकन और उनमें होने वाली समस्याओं के समाधान पर काम कर रहे हैं, जो उनके सामने आ सकती हैं, लेकिन हमारे स्टैंडर्ड में उनके बारे में नहीं बताया गया है. हम सप्लायर को उन नीतियों और काम करने के तरीकों को लागू करने के लिए बढ़ावा देते हैं, जो सभी कर्मचारियों की भागीदारी बढ़ाने और उनके साथ एक समान व्यवहार करने के लिहाज़ से बनाए गए हैं.

**निरंतर सुधार**

Amazon लगातार सुधार करने की नीति पर काम करता है और हम सप्लायर के साथ मिलकर यह कोशिश करते हैं कि उनके काम और सप्लाई चेन में मानवाधिकारों और पर्यावरण का पूरा ख्याल रखा जाए, साथ ही कर्मचारियों और कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा मुहैया कराई जा सके, और इन स्टैंडर्ड का पालन नहीं करने वाले मामलों में कार्रवाई की जा सके. हम कर्मचारियों के हितों को सबसे आगे रखते हैं. हम इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं या फिर कानून के हिसाब से ज़रूरी होने पर, सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे मानवाधिकारों और पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सबसे प्रमुख जोखिमों को पहचानें और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें और इन स्टैंडर्ड में दिए प्रभावी मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाएं और उन्हें बनाए रखें. इन स्टैंडर्ड के मुताबिक लगातार सुधार की दिशा में काम करने के दौरान सप्लायर के आकार और संरचना (जैसे कि फ़ैमिली फ़ार्म, छोटे होल्डर, होमवर्कर) को ध्यान में रखा जाएगा, हालांकि यह कानून द्वारा अनुमत सीमा तक ही किया जा सकता है.

**सप्लाई चेन की जवाबदेही**

अनुरोध करने पर, सप्लायर को भर्ती के लिए अपनाए गए अप्रत्यक्ष तरीकों और Amazon को प्रोडक्ट या सेवाएं देने से संबंधित अपने सप्लायर, कॉन्ट्रैक्टर, सबकॉन्ट्रैक्टर, रोज़गार देने वाले एजेंट या लेबर एजेंट के बारे में बताना होगा. हमारी यह कोशिश रहती है कि हम सप्लायर को हर संभव मदद कर सकें, जिससे कि वे हमारे स्टैंडर्ड को समझ सकें. सप्लायर को यह पक्का करना चाहिए कि उनके अपने सप्लायर, सबकॉन्ट्रैक्टर, रोज़गार देने वाले एजेंट और लेबर एजेंट लागू कानूनों इन स्टैंडर्ड का पालन करें और साथ ही इन स्टैंडर्ड के बारे में जागरुकता लाने और अपनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करना चाहिए. हम सप्लायर को सुझाव देते हैं कि वे ट्रेनिंग और अन्य तरीकों से यह काम करें. सप्लायर को समस्याएं दूर करने के लिए काम करना चाहिए और किसी समस्या के उल्लंघन या दुष्प्रभाव को दूर करने, गंभीरता को कम करने या कम से कम नुकसान हो, इसके लिए हम सप्लायर के साथ मिलकर काम करते हैं. हमारे पास पूरा अधिकार है कि हमारे स्टैंडर्ड का पालन नहीं करने पर हम उनके साथ संबंधों को कुछ समय के लिए निलंबित कर सकते हैं या पूरी तरह समाप्त कर सकते हैं. संबंध समाप्त करना आखिरी रास्ता माना जाता है, वह भी तब, जब सप्लायर किसी मूल्यांकन के दौरान सहयोग देने से मना करता है, अपनी किसी व्यवहार या काम के तरीके में बदलाव से मना करता है, समस्या दूर करने के लिए समय पर कार्रवाई नहीं करता या रिकॉर्ड में जालसाज़ी हेरफेर करता है या किसी और गैर-कानूनी या धोखाधड़ी वाली गतिविधि में शामिल होता है. हम सप्लायर को भरोसेमंद तीसरे-पक्ष के सर्टिफ़िकेशन का इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा देते हैं, जिनमें सामग्री, प्रोडक्शन प्रक्रियाओं और प्रोडक्ट सर्टिफ़िकेशन शामिल हैं, जहां भी लागू हो.

# श्रमिक के अधिकार

**1. युवा कर्मचारियों और बाल मज़दूरों द्वारा किया जाने वाला काम**

Amazon बाल श्रम बर्दाश्त नहीं करता है. सप्लायर उन कर्मचारियों को ही काम पर रख सकते हैं, जो: (i) कम से कम 15 साल के हों, (ii) ज़रूरी शिक्षा पूरी करने वाली उम्र के हों या (iii) जिस देश में काम हो रहा है, वहां काम करने की कम से कम उम्र, जो भी ज़्यादा हो. 18 साल से कम उम्र के कर्मचारियों ("युवा कर्मचारी") को खतरनाक काम नहीं करने चाहिए, जिनमें ऐसे काम शामिल हैं जो उनकी सेहत या सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकते हैं या फिर ऐसे काम जिनसे उनकी शिक्षा में दिक्क़त आ सकती है (जैसे कि नाइट शिफ़्ट, ओवरटाइम). युवा कर्मचारियों को काम पर रखने वाले सप्लायर को काम के घंटों से संबंधित सभी स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए. सप्लायर को उम्र के सत्यापन से जुड़ी प्रक्रिया लागू करनी चाहिए. युवा कर्मचारियों को सामाजिक बीमा सहित सामाजिक सुरक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए. सप्लायर को युवा कर्मचारियों को सहायता और ट्रेनिंग देनी चाहिए. साथ ही, इस बात पर खास ध्यान देना चाहिए कि युवा कर्मचारियों के लिए शिकायत करने की प्रभावी प्रक्रियाएं हों और स्वास्थ्य और सुरक्षा की जानकारी उपलब्ध हो. बाल श्रम के मामलों को सही तरीके से संभालना चाहिए, जिसमें सुधार के उपाय शामिल हैं, जिनके ज़रिए बच्चे की सुरक्षा और बाकी ज़रूरी बातों का पूरा ख्याल रखा जा सके.

**हल्का काम:** अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के मुताबिक, हल्के और बिना जोखिम वाले कामों की अनुमति सिर्फ़ तभी दी जा सकती है, जब बच्चा अपने माता-पिता या रिश्तेदारों के लिए कोई काम करता है, वह भी इस तरह से जिससे कि उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्कूलिंग या निजी और शारीरिक विकास में कोई बाधा न पहुंचे. हर परिस्थिति में, सप्लायर को बाल श्रम कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों का पालन करना होगा. सप्लायर को इस

बात की पुष्टि करने के लिए दस्तावेज़ तैयार रखने चाहिए कि किसी भी हल्के काम को कानूनी शर्तों के मुताबिक किया गया है.

**2. स्टूडेंट वर्कर, इंटर्न और प्रशिक्षु**

Amazon, कार्यस्थल पर ऐसे मान्य ट्रेनी प्रोग्राम को बढ़ावा देता है, जो स्टूडेंट के पढ़ाई से जुड़े लक्ष्यों को सपोर्ट करते हैं और Amazon के स्टैंडर्ड और लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं. इन स्टैंडर्ड के तहत, कार्यस्थल पर प्रशिक्षु प्रोग्राम में शामिल सभी लोगों की न्यूनतम उम्र से जुड़ी शर्तों को पूरा किया जाना चाहिए. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे स्टूडेंट वर्कर प्रोग्राम को बहुत ध्यान से मैनेज करें. इसके लिए, छात्रों के रिकॉर्ड का सही रखरखाव, एजुकेशनल पार्टनर की पूरी जांच-पड़ताल और लागू कानूनों और विनियमों के मुताबिक छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा की जानी चाहिए. कोई स्थानीय कानून न होने पर स्टूडेंट वर्कर, इंटर्न और प्रशिक्षुओं के वेतन की दर, काम सीख रहे उन अन्य कर्मचारियों के वेतन की दर के समान होनी चाहिए जो वही काम या मिलते-जुलते काम करते हैं. प्रशिक्षु कार्यक्रमों की एक सीमित अवधि होनी चाहिए या कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्ण-कालिक रोज़गार की शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए. सप्लायर को स्टूडेंट को इस बारे में जानकारी देनी चाहिए कि प्रशिक्षु प्रोग्राम कैसे और कब समाप्त हो रहा है और कोई अवसर उपलब्ध है या नहीं, ताकि स्टूडेंट इस बारे में बेहतर फ़ैसला ले सकें कि उन्हें फ़ुल-टाइम नौकरी करनी है या नहीं. हम ऐसे प्रोग्राम के लिए बढ़ावा देते हैं, जो उन ग्रुप के लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देते हैं जिनका प्रतिनिधित्व कम है (जैसे कि महिलाएं).

**3. अनैच्छिक या जबरन श्रम, मानव तस्करी और आधुनिक युग में बंधुआ मज़दूरी**

सप्लायर को जबरन श्रम नहीं करवाना चाहिए—जैसे कि दास, कैदी, ठेके पर, बंधुआ मज़दूरी या ज़बर्दस्ती ऐसे किसी और तरीके से. Amazon ऐसे किसी सप्लायर के साथ काम नहीं करता है, जो कर्मचारियों की तस्करी करते हैं या डर, ताकत, ज़बर्दस्ती, अपहरण या धोखाधड़ी कर कर्मचारियों का शोषण करते हैं. सभी काम स्वेच्छा से किए जाने चाहिए. कर्मचारियों को अधिकार होना चाहिए कि वे अपनी मर्ज़ी से काम छोड़ सकें और उचित तरीके से नोटिस देकर बिना किसी जुर्माने के अपनी नौकरी या सेवा समाप्त कर सकें. सप्लायर के नियंत्रण वाली फ़ैसिलिटी में कर्मचारियों के कहीं आने-जाने पर अनुचित प्रतिबंध नहीं होने चाहिए.

**भर्ती और संबंधित शुल्क:** कर्मचारियों को रोज़गार के लिए अपने देश में, किसी इंटरमीडिएट देश में या काम वाले देश में भर्ती, काम पर रखने, एजेंट या ब्रोकर का शुल्क या और कोई लागत या शुल्क देने की ज़रूरत नहीं है. सप्लायर को कर्मचारियों को इस तरह से भर्ती करना चाहिए कि उन्हें कोई शुल्क न देना पड़े. सप्लायर, कर्मचारियों को कोई भी पैसा उनके अकाउंट में जमा करवाने को नहीं कह सकते हैं. अगर कर्मचारियों ने शुल्क दिया है, जो इन स्टैंडर्ड का उल्लंघन है, तो सप्लायर को भर्ती की प्रक्रिया के दौरान कर्मचारियों से लिए गए किसी भी शुल्क का वहन करना चाहिए या उन्हें लौटा देना चाहिए, भले ही भर्ती प्रक्रिया पर सप्लायर का सीधा नियंत्रण न हो. कर्मचारियों द्वारा दिया गया शुल्क उन्हें इस तरह से वापस किया जाना चाहिए जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को कोई नुकसान न पहुंचे और न ही उन पर बदले की भावना से कोई कार्रवाई हो. कर्मचारियों पर लगाए गए सभी शुल्क और खर्चों के बारे में Amazon को बताया जाना चाहिए और नौकरी देने या काम से पहले कर्मचारियों को उनकी स्थानीय भाषा में इसकी जानकारी दी जानी चाहिए.

तीसरे पक्ष के एजेंट. ये स्टैंडर्ड, तीसरे पक्ष के लेबर एजेंट या ब्रोकर पर भी लागू होते हैं. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे भर्ती करने वाली एजेंसियों और लेबर ब्रोकर के काम करने के तरीकों का आकलन करें और उन पर नज़र रखें. साथ ही, उन एजेंसियों की सेवा लें जो नैतिकता से काम करती हैं और कर्मचारियों को काम पर रखते समय उनके हितों का पूरा ध्यान रखती हैं. सप्लायर को यह ध्यान रखना चाहिए कि स्टाफ़िंग या भर्ती एजेंसियां हमारे स्टैंडर्ड के साथ-साथ उस देश के सभी लागू कानूनों का पालन करें जहां काम हो रहा है और जहां से कर्मचारी आया है, इसमें काम करने के अधिकार सुनिश्चित करना भी शामिल है.

व्यक्तिगत पहचान वाले दस्तावेज़. सप्लायर को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे कि कर्मचारियों के व्यक्तिगत दस्तावेज़ उनके पास न रहें या उनकी पहुंच से बाहर हो जाएं. सप्लायर को चाहिए कि वे कर्मचारियों के सरकारी पहचान पत्रों, पासपोर्ट, इमीग्रेशन दस्तावेज़ों या काम करने के परमिट को न अपने पास रखें (सुरक्षित रखने के लिए), न उन्हें नष्ट करें, न छिपाएं, न ज़ब्त करें और न ही कर्मचारियों को उन्हें तीसरे पक्ष के एजेंट सहित किसी भी पार्टी को सरेंडर करने के लिए कहें. सप्लायर ऐसे दस्तावेज़ों को सिर्फ़ उतने समय के लिए ही अपने पास रख सकते हैं, जो कानून के मुताबिक एडमिनिस्ट्रेटिव और इमीग्रेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए ज़रूरी हो. सप्लायर, कर्मचारियों को उनके रहने की जगह (अगर लागू हो) पर लॉक वाली अलग-अलग स्टोरेज सुविधाएं दे सकते हैं, ताकि कर्मचारी उनमें इन दस्तावेज़ों और अपने व्यक्तिगत सामानों को रख सकें, लेकिन कर्मचारियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने के दौरान सप्लायर इन स्टोरेज सुविधाओं को ऐक्सेस नहीं कर सकते, जब तक कि ऐसा कानून द्वारा अनुमत न हो.

**नियम और शर्तें:** इससे पहले कि वे रोज़गार के अनुबंध के लिए स्वीकृति दें या अपना देश छोड़ें, कर्मचारियों को रोज़गार से संबंधित नियमों और शर्तों की जानकारी दस्तावेज़ों के रूप में साफ़ और समझने लायक शब्दों में दी जानी चाहिए. यह जानकारी उनकी भाषा में और इस तरह से दी जानी चाहिए जिससे कि उन्हें समझने में कोई दिक्कत न हो. कर्मचारियों को नियमों और शर्तों की सारी जानकारी उनकी अपनी भाषा या उस भाषा में दी जानी चाहिए जो वे सबसे अच्छे से समझते हैं और/या कम पढ़े-लिखे कर्मचारियों को बेहतर तरीके से समझाने के लिए दस्तावेज़ों में तस्वीरें भी मौजूद होनी चाहिए. रोज़गार शुरू करने पर या कर्मचारी के अपने देश छोड़ने के बाद इन नियमों और शर्तों में बदलाव नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि ऐसा कानून के हिसाब से ज़रूरी न हो या कर्मचारियों की बेहतरी के लिए न हो.

**कर्मचारी के रिकॉर्ड:** सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सभी कर्मचारियों, विशेषकर प्रवासी कर्मचारियों के रिकॉर्ड अप-टू-डेट रखें; इसमें अनुबंध की बुनियादी शर्तें, , कर्मचारियों के रोज़गार शुरू करने और छोड़ने की तारीखें और कर्मचारी की उम्र की जानकारी होती है. सप्लायर को यह रिकॉर्ड भी रखना चाहिए कि कितने पुरुष और कितनी महिला कर्मचारी हैं. साथ ही, कर्मचारी के उन संपर्कों का रिकॉर्ड भी रखना चाहिए, जिनसे आपातकालीन स्थितियों में संपर्क किया जा सके.

**4. प्रवासी कर्मचारी**

सप्लायर को खास तौर से इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसी कर्मचारी का शोषण न हो, जो आम तौर पर घरेलू और बाहर से आए कर्मचारी दोनों को झेलना पड़ता है. सप्लायर को बाहर प्रवासी कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए. प्रवासी कर्मचारियों को रोज़गार संबंधित वही सुरक्षा और अधिकार मिलने चाहिए जो स्थानीय कर्मचारियों को मिलते हैं, जो भी कानून के मुताबिक हो. सप्लायर केवल उन कर्मचारियों को काम पर रख सकते हैं जिनके पास काम करने का कानूनी अधिकार है, जब तक कि कर्मचारी शरणार्थी लोगों के लिए स्वीकृत योजना से संबद्ध न हों (इस स्थिति में Amazon इन प्रोजेक्ट के हर केस का अलग से मूल्यांकन करेगा). अगर सप्लायर विदेशी या घरेलू प्रवासी कर्मचारियों को काम पर रखते हैं, तो ऐसे कर्मचारियों को मेज़बान देश के अप्रवासन और श्रम कानूनों के पूर्ण अनुपालन में ही काम पर रखा जाना चाहिए. कर्मचारियों के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वे उचित या कानूनी के हिसाब से नोटिस देकर बिना किसी जुर्माने के अनुबंध को स्वैच्छिक रूप से समाप्त कर सकें.

**5. मजदूरी और लाभ**

सप्लायर को समय पर अपने कर्मचारियों को वेतन का करना चाहिए, जिसमें अनुबंध वाले कर्मचारी और वे कर्मचारी भी शामिल हैं जिन्हें रोज़ाना के हिसाब से भुगतान किया जाता है और साथ ही कर्मचारियों को इतना मुआवाज़ा देना चाहिए (न्यूनतम मज़दूरी और भत्ता, ओवरटाइम का भुगतान, लाभ और सशुल्क छुट्टी) जो कि लागू कानूनों के मुताबिक हो या उससे ज़्यादा. ऐसे देशों में जहां ऐसे कानून मौजूद नहीं हैं, सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे कर्मचारियों को इंडस्ट्री के औसत वेतन के मुताबिक या उससे ज़्यादा वेतन दें, ओवरटाइम के लिए भी कर्मचारियों को घंटों के हिसाब से मिलने वाले सामान्य भुगतान से ज़्यादा भुगतान करें और कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखने वाली नीतियां अपनाएं, जैसे कि छुट्टी. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे कर्मचारियों को

"बराबर या समान काम" के लिए बिना किसी भेदभाव के समान वेतन दें. अनुरोध करने पर सप्लायर को यह दिखाना होगा कि सामान्य घंटों और ओवरटाइम के लिए कानूनी तौर पर मिलने वाले वेतन का हिसाब सही से लगाया जाता है. सप्लायर को नियमित रूप से कर्मचारी के वेतन की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि यह मूल्यांकन किया जा सके कि उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने लायक वेतन मिल रहा है या नहीं और इस हिसाब से कम से कम हर दो साल पर उनके वेतन में बदलाव किया जाना चाहिए.

**भुगतान के तरीके:** सप्लायर को अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान की रसीद या इस तरह के दस्तावेज़ देने चाहिए, जिसमें उन्हें किए गए भुगतान की जानकारी इस तरह से दी जाए जिसे वे आसानी से समझ सकें. अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में वेतन से कटौती की अनुमति नहीं है. सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे नकद भुगतान को छोड़कर वेतन के लिए डिजिटल भुगतान वाले सिस्टम अपनाएं.

**फ़ायदों और छुट्टी से जुड़ी नीतियां:** सप्लायर को सभी कर्मचारियों को कानूनी शर्तों के मुताबिक छुट्टियां और फ़ायदे देने चाहिए. सप्लायर के पास पेरेंटल अवकाश नीति होनी चाहिए जो उन आवश्यकताओं को दर्शाती हो और माता-पिता की छुट्टी के दौरान और गर्भावस्था के दौरान/माता-पिता की छुट्टी से पहले दी गई किसी भी अतिरिक्त सुरक्षा और फ़ायदे को साफ़ तौर से रेखांकित करती हो. यहां तक कि जहां कानूनन ज़रूरी नहीं है, वहां भी हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे कर्मचारियों को सशुल्क छुट्टी दें, जिसमें आराम करने और खुद के लिए समय, छुट्टियां, सार्वजनिक अवकाश और पेरेंटल अवकाश शामिल हैं. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे छोटे बच्चों के माता-पिता या देखभाल करने वालों को ऑन-साइट चाइल्डकेयर सुविधाएं या सब्सिडी और उचित, सुविधाजनक काम करने की व्यवस्था दें.

### 6. कार्य के घंटे

कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके हितों का ध्यान रखने के लिए, सप्लायर को नियमित रूप से उनके काम के घंटों को मॉनिटर करना चाहिए. विशेष या आपातकालीन स्थितियों के अलावा, (i) सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे कार्य के घंटे को प्रति सप्ताह ज़्यादा से ज़्यादा 60 घंटे तय करें, जिसमें ओवरटाइम शामिल हों और (ii) हर कर्मचारी को सप्ताह में एक दिन की छुट्टी ज़रूर दें. किसी भी परिस्थिति में, काम के घंटे कानून द्वारा अनुमत अधिकतम अवधि से अधिक नहीं होने चाहिए. सप्लायर को कर्मचारियों को कानूनी रूप से अनुमत ब्रेक देना चाहिए या जहां कोई कानूनी बाध्यता न हो, वहां उन्हें उचित ब्रेक देना चाहिए.

**ओवरटाइम:** कर्मचारियों को ओवरटाइम की पेशकश करते समय सप्लायर को उनके धर्म से जुड़े नियमों (जैसे, धार्मिक छुट्टियों) का ध्यान रखना चाहिए. सप्लायर को कर्मचारियों को ओवरटाइम शिफ़्ट के लिए समय से पहले नोटिस देना चाहिए.

### 7. भेदभाव-विरोधी

Amazon सप्लायर को नस्ल, रंग, राष्ट्रीयता, लिंग, लैंगिक पहचान, सेक्शुअल ओरिएंटेशन, धर्म, संप्रदाय, शारीरिक संवेदी या मानसिक अक्षमता, उम्र, राजनीतिक विचारधारा, गर्भावस्था, नागरिकता, प्रवासी होने, वरियता,जातीयता, वंश, जाति, वैवाहिक या पारिवारिक स्थिति के आधार पर भेवभाव नहीं करना चाहिए. साथ ही, भर्ती और रोज़गार में कानूनी तौर पर मिली सुरक्षा के आधार पर भी भेदभाव नहीं करना चाहिए, जैसे कि भर्ती, रोज़गार के आवेदन, पदोन्नति, काम के असाइनमेंट, ट्रेनिंग, वेतन, फ़ायदे और सेवा समाप्ति.

सप्लायर किसी कर्मचारी को काम पर रखने या काम पर बनाए रखने के लिए, मानदंड के रूप में किसी कर्मचारी की वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था या बच्चों के बारे में पूछताछ नहीं कर सकते. सप्लायर को गर्भावस्था, कौमार्य या HIV परीक्षणों का अनुरोध नहीं करना चाहिए या ऐसी कोई शर्त नहीं रखनी चाहिए और उन्हें महिलाओं पर गर्भनिरोधक का उपयोग करने या उनके प्रजनन विकल्पों के लिए उनके साथ भेदभाव करने के लिए ज़बरदस्ती नहीं करनी चाहिए या दबाव नहीं डालना चाहिए. कर्मचारियों या आवेदकों के लिए ज़रूरी सभी मेडिकल परिक्षण को किसी भी तरह के भेदभाव का आधार नहीं बनाना चाहिए.

सप्लायर को कर्मचारी के वेतन या रोज़गार के स्तर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार के बिना विकलांगता, धार्मिक आस्था या गर्भावस्था के आधार पर ठहरने के लिए ज़रूरी इंतज़ाम करना चाहिए. सप्लायर को समान अवसर वाली रोज़गार नीति अपनानी चाहिए, जो काम के दौरान लैंगिक समानता को बढ़ावा देती हो. सप्लायर को उन लोगों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए जो गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या पेरेंटल छुट्टी से लौटे हैं और सप्लायर के पास एक पेरेंटल छुट्टी वाली नीति नीति होनी चाहिए जिसमें यह प्रतिबंधित हो.

हम सप्लायर को ऐसी नीतियां और काम के तरीके विकसित करने के लिए बढ़ावा देते हैं जिनसे हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलता है और विविधता, समानता और सबको शामिल कर साथ लेकर चलने की भावना को बढ़ावा मिलता है. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे अपनी कंपनी के कल्चर का आकलन करें और देखें कि किसी तरह का भेदभाव और उत्पीड़न की गुंजाइश न हो. अगर ऐसा कोई जोखिम हो, तो इससे निपटने के लिए मैनेजमेंट प्लान लागू करें और ट्रेनिंग मुहैया कराएं. हम सप्लायर को ऐसे प्रोग्राम तैयार करने के लिए बढ़ावा देते हैं, जिनसे कम प्रतिनिधित्व वाले कर्मचारियों (जैसे, महिलाओं) को करियर में उन्नति के मौके मिल सकें.

### 8. उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के खिलाफ़

सभी कर्मचारियों से सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए. सप्लायर को हिंसा, उत्पीड़न, दुर्व्यवहार या ज़बर्दस्ती में शामिल नहीं होना चाहिए और न ही ऐसी चीज़ों को बढ़ावा देना चाहिए, इनमें शारीरिक, मौखिक, सेक्शुअल या मनोवैज्ञानिक या किसी भी तरह का अत्याचार या क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार शामिल हैं. इनमें हिंसा के खतरे, शारीरिक दंड, मानसिक ज़बर्दस्ती, यौन उत्पीड़न, लिंग आधारित हिंसा, काम की जगह पर आने और जाने पर अनुचित प्रतिबंध और आवासीय सुविधाएं, मनमाने ढंग से गिरफ़्तारी या हिरासत या किसी दूसरे तरीके से डराना-धमकाना शामिल है. हम सप्लायर को ऐसी नीतियां लागू करने के लिए बढ़ावा देते हैं, जिनसे इस तरह की गतिविधियों पर रोक लग सके और इनकी जानकारी हम कर्मचारियों को उनकी अपनी भाषा में देने के लिए प्रोत्साहन देते हैं. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे सभी मैनेजर, सुपरवाइज़र और कर्मचारियों को लिंग-आधारित यौन उत्पीड़न और लिंग आधारित हिंसा को रोकने के बारे में ट्रेनिंग दें.

### 9. शिकायत का निवारण और उसकी रिपोर्ट करना

सभी कर्मचारियों को इस बात की पूरी छूट मिलनी चाहिए कि वे इन स्टैंडर्ड में बताई गई अपनी परेशानियों को लेकर आवाज़ उठा सकें और समस्याओं का समाधान पा सकें. यह बिल्कुल गोपनीय तरीके से और बिना नाम ज़ाहिर किए होना चाहिए, ताकि कर्मचारी को किसी तरह के विरोध का सामना न करना पड़े. सप्लायर को चाहिए कि वे एक न्यायसंगत और प्रभावी शिकायत प्रक्रिया बनाएं, जिसमें कर्मचारी अपनी शिकायत दर्ज कर सकें. समय पर जांच करने और कर्मचारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए सप्लायर को एक प्रभावी समाधान प्रक्रिया बनाए रखनी चाहिए और कर्मचारियों को इसके बारे में साफ़ तौर पर बताया जाना चाहिए.

सबकॉन्ट्रैक्टर द्वारा काम पर रखे गए कर्मचारियों को ऐसी कोई प्रक्रिया मुहैया कराई जानी चाहिए, जिससे कि वे अपनी चिंताओं को सबकॉन्ट्रैक्टर के ऊपर मैनेजमेंट लेवल पर बता सकें.

श्रमिकों को गोपनीय कार्यकर्ता साक्षात्कारों के माध्यम से Amazon या Amazon के ऑडिटरों को हमारे आपूर्ति श्रृंखला मानकों से संबंधित मुद्दों के बारे में अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए भी स्वतंत्र होना चाहिए और प्रतिशोध के डर के बिना ऑडिट प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए।.

### 10. संघ की स्वतंत्रता

सप्लायर को कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए कि उनके पास अधिकार होना चाहिए कि वे अपने हिसाब से कर्मचारी संघ या अन्य वैध संगठन बना सकें, उसमें शामिल हो सकें या उससे अलग हो सकें. सप्लायर को संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक

बार्गेनिंग के लिए कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए. कर्मचारियों पर इन अधिकारों के अहिंसात्मक रवैये के लिए जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए, उनका उत्पीड़न या उन्हें डराया-धमकाना नहीं जाना चाहिए.

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

**1. स्वास्थ्य और सुरक्षा**

सप्लायर को चाहिए कि वे कर्मचारियों को काम करने के लिए सुरक्षित और अच्छा माहौल मुहैया कराएं, जहां कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कोई नुकसान पहुंचने का खतरा न हो. सप्लायर को काम के दौरान सुरक्षा सुविधाओं, कार्यस्थल के माहौल और स्वास्थ्य मानकों से संबंधित लागू कानूनों का पालन करना चाहिए. जहां कानून द्वारा ज़रूरी हो, वहां Amazon यह चाहता है कि सप्लायर, कर्मचारियों को स्वास्थ्य और सुरक्षा समितियों की सुविधा दे, ऐसी जगह और ऐसी भाषा में स्वास्थ्य और सुरक्षा की जानकारी पोस्ट करें जो कर्मचारियों के लिए देखना आसान हो और रोज़गार की शुरुआत में और फिर उसके बाद नियमित तौर पर कर्मचारियों को स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी ट्रेनिंग दें, जिसमें कार्यस्थल पर आपातकालीन स्थितियों और चोट लग जाने पर क्या करना चाहिए, इससे जुड़ी ट्रेनिंग शामिल हैं. जहां कानून की ओर बाध्यता न हो, वहां हम काम करने के इन सबसे अच्छे तरीकों को अपनाने का प्रोत्साहन देते हैं. Amazon, सप्लायर को कार्यस्थल पर हिंसक घटनाओं को ऐसे तरीके से संभालने के लिए बढ़ावा देता है, जिसमें पुरुष-महिलाओं में किसी तरह का भेदभाव न किया जाए.

**2. काम करने के लिए सुरक्षित माहौल, काम करने के लिए दौरान सुरक्षा और कार्यस्थल पर साफ़-सफ़ाई**

सप्लायर को काम करने के लिए सुरक्षित माहौल मुहैया कराना चाहिए. इसमें सप्लायर-नियंत्रित सुरक्षित फ़ैसिलिटी, फ़ैसिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मशीन शामिल हैं. फ़ैसिलिटी और कर्मचारियों के लिए सप्लायर-नियंत्रित कार्यस्थल का माहौल, सभी कानूनी शर्तों के मुताबिक होना चाहिए. साथ ही, संरचनात्मक रूप से मजबूत होना चाहिए और पेशेवर तरीके से बनाया गया हो, जिससे कि भूकंप, तूफ़ान और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान न पहुंचे. हम ऐसी इमारतों में कार्यस्थल नहीं बनाते जिसके कभी भी ढह जाने का खतरा बना रहता है या ऐसे माहौल में काम नहीं कराते जहां जान का खतरा बना रहता है, इसमें अनियंत्रित आग, बिजली, यांत्रिक, रासायनिक और जैविक खतरों की वजह से होने वाली घटनाएं शामिल हैं.

हम चाहते हैं कि सप्लायर, कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति संभावित खतरों को मॉनिटर करें (जैसे, रासायनिक, जैविक, यांत्रिक, बिजली और ऊर्जा के अन्य स्रोत; फ़िज़िकल एजेंट; आग; वाहन; गिरने के खतरे). सप्लायर को चाहिए कि वे काम करने के सबसे अच्छे तरीकों का इस्तेमाल करके इन खतरों की पहचान करें, उनका विश्लेषण करें और इन्हें दूर करें. इसमें खतरे को खत्म करना, प्रक्रियाओं या सामग्रियों को बदलना; उचित डिजाइन के माध्यम से नियंत्रण करना; इंजीनियरिंग और प्रशासनिक नियंत्रणों को लागू करना, निवारक रखरखाव और सुरक्षित तरीके से काम करने की प्रक्रियाएं (लॉकआउट/टैगआउट सहित); और काम के दौरान स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित शामिल है. जहां इन तरीकों से खतरों को पर्याप्त रूप से कम नहीं किया जा सकता है, वहां सप्लायर को चाहिए कि वे कर्मचारियों को उचित, सही तरीके से व्यवस्थित, मुफ़्त में पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विप्मन्ट के साथ-साथ इक्विपमेंट को सही तरीके से कब और कैसे इस्तेमाल करने से जुड़ी ट्रेनिंग. ऐसे कर्मचारी जो खतरनाक या जोखिम भरे माहौल या सामग्री के साथ (या इनसे सामना होता है) काम करते हैं, उन्हें इन खतरों से संबंधित जोखिमों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए और इनसे जुड़ी ट्रेनिंग पहले ही या नियमित तौर पर दी जानी चाहिए.  सप्लायर को कार्यस्थल पर होने वाले ऐसे स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिमों की निगरानी करनी चाहिए जो गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और इन जोखिमों को दूर या कम करने के लिए उचित कदम उठा सकते हैं, उन्हें किसी भी खतरे के बारे में सूचित कर सकते हैं और उन्हें रहने के लिए उचित जगह मुहैया करा सकते हैं.

**काम के दौरान लगी चोटें या होने वाली बीमारियां:** सप्लायर को चाहिए कि वे ऐसी प्रक्रियाएं और सिस्टम अपनाएं जिनसे काम के दौरान लगने वाली चोटें और होने वाली बीमारियों को रोका, मैनेज और ट्रैक किया जा सके; कर्मचारी आगे आकर रिपोर्ट करें; चोट लगने और बीमारियों के मामलों को अलग-अलग बांटा और रिकॉर्ड किया जा सके, ज़रूरी इलाज मुहैया कराया जा सके, मामलों की जांच की जा सके, उनकी वजहों को खत्म करने के लिए सुधारात्मक उपाय लागू किए जा सकें और कर्मचारियों को काम पर वापस लौटने के लिए सहायता दी जा सके. ज़रूरी इलाज का मतलब है कि काम के दौरान चोट लगने और/या बीमार पड़ने पर सप्लायर को कर्मचारियों को कम से कम प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना चाहिए और उन्हें किफ़ायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देनी चाहिए. जहां कानूनन ज़रूरी हो, वहां सप्लायर को स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की इमरजेंसी के लिए, योग्य डॉक्टर सहित ऑन-साइट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करानी चाहिए.

**3. शारीरिक श्रम वाले कार्य**

सप्लायर को चाहिए कि वे उन कामों को लगातार पहचान, उनका आकलन करें और उन पर नियंत्रण रखें जिनमें शारीरिक बल लगता है (इनमें मैन्युअल सामग्री संभालना और भारी सामान या कोई सामान बार-बार उठाना, लंबे समय तक खड़े रहना और ऐसे काम जो बार-बार किए जाते हैं या जिनमें बहुत बल लगता है), ताकि यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सके कि कर्मचारी के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर कोई खतरा न हो. अगर कार्यस्थल का माहौल ऐसा है कि ठंड या गर्मी से नुकसान हो सकता है, तो कर्मचारियों के लिए गर्मी, वेंटिलेशन, PPE, आराम करने के विकल्प, धूप से बचाव (जैसे कि छांव) और/या हाइड्रेशन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे काम के माहौल और उसमें लगने वाले शारीरिक बल को ध्यान में रखते हुए काम करने के ऐसे तरीके स्थापित करें जिससे कि कर्मचारियों को उनकी शिफ़्ट के दौरान आराम और पानी पीने के लिए उचित ब्रेक मिलें.

**4. आपातकालीन तत्परता और प्रतिक्रिया**

सप्लायर को चाहिए कि वे आपातकालीन परिस्थियों की पहचान करें और उनसे निपटने के लिए प्लान तैयार करें, इसके लिए उन्हें रिस्पॉन्स सिस्टम और इमरजेंसी प्लान लागू करना चाहिए और साल में कम से कम एक बार इनसे जुड़ी ट्रेनिंग मुहैया करानी चाहिए. हमें रिस्पॉन्स सिस्टम और इमरजेंसी प्लान की ज़रूरत है, ताकि इमरजेंसी रिपोर्टिंग; अलार्म सिस्टम; कर्मचारियों को सूचना देने और बाहर निकालने के लिए प्रक्रियाओं; कर्मचारियों की ट्रेनिंग और ड्रिल; प्रथामिक उपचार के लिए सामान; आग का पता लगाने और रोकने के उपकरण अनब्लॉक, बिना रुकावट के और अनलॉक बाहर निकलने की सुविधाएं; आपातकालीन परिस्थितियों में जवाब देने वालों की संपर्क जानकारी; और रिकवरी प्लान शामिल किए जा सकें. सप्लायर को ऐसी योजनाएं और प्रक्रियाएं विकसित करनी चाहिए, जो इस बात पर केंद्रित हो कि ज़िंदगी, पर्यावरण और संपत्ति को कम से कम नुकसान पहुंचे.

**5. मशीन से सुरक्षा**

सप्लायर को चाहिए कि वे नियमित रूप से मशीनरी के रख-रखाव के लिए कार्यक्रम शुरू करें. सुरक्षा जोखिमों का पता लगाने के लिए उत्पादन वाली और अन्य मशीनरी की नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए. जहां ठीक लगे, वहां सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि अगर मशीनरी से कर्मचारियों को चोट का जोखिम हो, तो वे उचित रखरखाव वाले नियंत्रण (जैसे कि गार्ड, इंटरलॉक, बैरियर) उपलब्ध कराएं.

**6. स्वच्छता और स्वास्थ्य**

सप्लायर को चाहिए कि वे सभी सप्लायर-नियंत्रित कार्यस्थलों पर कर्मचारियों को सुरक्षित और साफ़-सुथरा माहौल दें. सप्लायर-नियंत्रित सभी कार्यस्थलों पर कर्मचारियों के पास स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं (जैसे कि हाथ धोने के स्टेशन, साफ़ और सुरक्षित पीने का पानी, साफ़ टॉयलेट सुविधाएं, कूड़ा फेंकने की जगह) का पूरा ऐक्सेस होना चाहिए. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इतनी संख्या में कर्मचारियों के लिए टॉयलेट सुविधाएं उपलब्ध कराएं जो कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से हों और जिनसे उनकी निजता पर कोई आंच न आए. हम पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट (और शावर, अगर लागू हो, तो) सुविधाओं का इंतज़ाम किए

जाने को बढ़ावा देते हैं. अगर सप्लायर कैंटीन या खाने के लिए और कोई व्यवस्था करते हैं, तो खाना बनाने, स्टोर करने और खिलाने में साफ़-सफ़ाई का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए और सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि कर्मचारियों के लिए खाने की जगह पर जाने के लिए बिना वजह रोक-टोक न हो.

### 7. हाउसिंग

अगर सप्लायर अपने कर्मचारियों और/या स्टाफ़ को आवासीय सुविधाएं/हाउसिंग सुविधाएं देते हैं, तो यह सप्लायर-नियंत्रित जगह मानी जाती है और सप्लायर को साफ़ और सुरक्षित जगह उपलब्ध करानी चाहिए, जहां कर्मचारियों की निजता का पूरा ध्यान रखा जाए. साथ ही, वहां सभी लागू कानूनी शर्तों और इन स्टैंडर्ड का पालन हो. रहने के लिए दी गई जगह, आवासीय परिसर की शर्तों के मुताबिक होनी चाहिए, जो प्रोडक्शन एरिया से बिल्कुल अलग हो. आवासीय परिसर पूरी तरह मज़बूत, सुरक्षित और साफ़ होना चाहिए और पुरुष-महिलाओं के सोने के लिए क्वार्टर अलग-अलग होने चाहिए. आवासीय परिसर में ऐसी कोई चीज़ न हो जो कर्मचारियों की जान के लिए खतरा बन जाए. आवासीय परिसर में आग लगने पर बजने वाला अलार्म, उसका पता लगाने और बुझाने के लिए उपकरण मौजूद होने चाहिए. सभी आवासीय परिसरों में, कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों में बाहर निकालने के लिए उचित व्यवस्था, उचित और सुरक्षित निजी स्थान, प्रवेश और निकास के लिए ज़रूरी अधिकार, नहाने के लिए गर्म पानी, लाइट और बिजली की व्यवस्था, हीटिंग और वेंटिलेशन की पर्याप्त व्यवस्था, आवासीय क्षेत्र में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए ट्रेनिंग, सुरक्षा, और कार्यस्थल से लाने और वहां ले जाने के लिए ज़रूरी इंतज़ाम (अगर पैदल दूरी न हो) होने चाहिए.

# पर्यावरण

### 1. पर्यावरण

सप्लायर को साफ़, स्वस्थ और बढ़िया माहौल के अधिकार का सम्मान करना चाहिए. सप्लायर को चाहिए कि वे पर्यावरण संबंधी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करें. सप्लायर को पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को कम करना चाहिए, (जिसमें ऊर्जा का इस्तेमाल कम करना, वायु उत्सर्जन, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, कचरा,पानी का इस्तेमाल, प्रदूषण और खतरनाक सामग्री शामिल हैं). सप्लायर को उन प्रयासों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो पर्यावरण के लिहाज़ से बेहतर हों, जैसे कि पर्यावरण को बचाने के लिए उचित कदम उठाना और अपने काम और सप्लाई चेन में ऐसे तरीकों को शामिल करना, जिनसे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे.

### 2. ऊर्जा की खपत और ग्रीनहाउस गैस का एमिशन

हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे कम ऊर्जा में ज़्यादा उत्पादन वाले तरीके अपनाएं, जिससे कि ऊर्जा की खपत और ग्रीनगाउस गैस उत्सर्जन को कम किया जा सके. सप्लायर को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को ट्रैक करना चाहिए, उसे दस्तावेज़ों में रिकॉर्ड करना चाहिए और अनुरोध पर Amazon को उसकी रिपोर्ट करनी चाहिए. सप्लायर को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने का लक्ष्य तय करना चाहिए और अपनी प्रगति के बारे में सार्वजनिक रूप से जानकारी देनी चाहिए.

### 3. पर्यावरण संबंधी परमिट और रिकॉर्ड का रखरखाव

सप्लायर को चाहिए कि वे पर्यावरण संबंधी सभी परमिट, स्वीकृतियां और रजिस्ट्रेशन प्राप्त करें और अप-टू-डेट रखें और साथ ही काम करने और रिपोर्टिंग से संबंधित लागू सभी शर्तों का पालन करें.

### 4. प्रभावी प्रबंधन और जोखिमपूर्ण तत्वों का निपटान

सप्लायर को प्रोडक्ट, निर्माण, परिचालनऔर सेवाओं में किसी खास पदार्थ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध और रोक से संबंधित लागू कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए. सप्लायर को चाहिए कि वे इंसानों या पर्यावरण के लिए खतरा पैदा करने वाले खतरनाक पदार्थों (जैसे रसायन और सामग्री) को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने, उनकी आवाजाही, स्टोरेज और उन्हें नष्ट करने की सही प्रक्रियाओं को पहचानें और मैनेज करें. सप्लायर को खतरनाक पदार्थों को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने और नष्ट करने से संबंधित ज़रूरी ट्रेनिंग कर्मचारियों को देनी चाहिए.

### 5. प्रभावी संसाधन मैनेजमेंट

सप्लायर को प्रभावी मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने चाहिए. मैनेजमेंट सिस्टम ऐसा होना चाहिए जो विनियामक शर्तों को पूरा करे और बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस देने में मदद करे. Amazon के अनुरोध पर सप्लायर को यह दिखाना होगा कि लागू मैनेजमेंट और कंट्रोल सिस्टम सही से काम कर रहे हैं.

**प्रदूषण की रोकथाम:** सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रदूषण नियंत्रित करने वाले उपकरण इस्तेमाल करें और/या उत्पादन, रखरखाव और कार्यस्थल की प्रक्रियाओं में इस तरह के बदलाव किए जाएं जिससे कि हवा और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, प्रदूषकों के निर्वहन और कचरे के उत्पादन पर रोक लगाई जा सके या कम इन्हे किया जा सके.

**संसाधन का संरक्षण:** सप्लायर को जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करना चाहिए, और हम सप्लायर को पानी और खनिज सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों की खपत को कम करने और वनों की कटाई से बचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. हम सप्लायर को उत्पादन, रखरखाव और कार्यस्थल की प्रक्रियाओं में बदलाव करने, बेहतर सामग्री का इस्तेमाल करने, री-यूज़, संरक्षण या रीसाइकल जैसे तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए बढ़ावा देते हैं.

**पानी का मैनेजमेंट:** लागू कानूनों के तहत सारे गंदे पानी को निर्वहन या निपटान से पहले, नियमित रूप से मॉनिटर, कंट्रोल और ट्रीट किया जाना चाहिए. हम सप्लायर को पानी के मैनेजमेंट के एक ऐसे प्रोग्राम को लागू करने के लिए प्रोत्साहित करते जो जल स्रोतों, उनके इस्तेमाल और निर्वहन को दस्तावेज़ों में रिकॉर्ड करता है; पानी बचाने के तरीके ढूंढता है और पानी को दूषित करने वाले चैनलों को नियंत्रित करता है.

**ठोस अपशिष्ट:** सप्लायर को लागू कानूनों के अनुसार, परिचालन के दौरान पैदा हुए ठोस कचरे की पहचान, उसे मैनेज और जिम्मेदारी के साथ उसे नष्ट करना होगा. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे ऐसे तरीके ढूंढें जिससे कि परिचालन के दौरान लैंडफ़िल के लिए कम से कम ठोस कचरा पैदा हो.

**हवा का उत्सर्जन:** सप्लायर से अपेक्षा की जाती है कि वे संचालनों से हवा में उत्सर्जित किए जाने वाले वाष्पशील कार्बनिक रसायनों, एयरोसोल, संक्षारकों, कणिकाओं, ओज़ोन परत को कमज़ोर बनाने वाले रसायनों और दहन के बाई-प्रोडक्ट की पहचान करें, नियमित रूप से निगरानी करें, नियंत्रित करें और छोड़ने से पहले कानून के अनुसार ट्रीट करें. ओज़ोन परत को कमज़ोर बनाने वाले पदार्थों को लागू प्रोटोकॉल के अनुसार प्रभावी ढंग से मैनेज किया जाना चाहिए.

### 6. पर्यावरण के हित में

Amazon, सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देता है कि वे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली समस्याओं की पहचान करके उन्हें दूर करें. साथ ही, उनके बिज़नेस से जुड़े लोगों और समुदायों के आस-पास के पर्यावरण पर सप्लायर के तरीकों से पड़ने वाले प्रभाव को समझें. हम सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि वे सबसे कमज़ोर और हाशिए पर पड़े समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पहल करें. यह पर्यावरण को होने वाले उन नुकसानों के आधार पर किए जाने चाहिए जिनका सामना इन समुदायों को इंडस्ट्रियल और कंज़्यूमर तरीकों से हवा, पानी और मिट्टी में होने वाले प्रदूषण की वजह से करना पड़ता है.

# ज़िम्मेदार और पर्यावरण के लिहाज़ से बेहतर तरीके से सामग्री और कमोडिटी की सोर्सिंग

**1. खनिज**

Amazon उन खनिजों का इस्तेमाल नहीं करता, जिनके खनन पर रोक है. सप्लायर को हमारी उन कोशिशों का समर्थन करना चाहिए, जिसके तहत हम अपने प्रोडक्ट में इस्तेमाल किए जाने वाले खनिजों के मूल स्थान की पहचान करते हैं और पूरी तरह से जांच-पड़ताल के बाद ही वहां से खनिज लेते हैं. पूरी तरह से जांच-पड़ताल करने के बाद, सप्लायर को उन स्मेल्टर और रिफ़ाइनर से खनिज लेना चाहिए, जो ज़िम्मेदार तरीके से खनिज उपलब्ध कराने के लिए तीसरे-पक्ष द्वारा किए गए ऑडिट में सफल हुए हैं.

**2. सामग्री और कमोडिटी की सोर्सिंग**

सप्लायर को प्रोडक्ट में इस्तेमाल होने वाली कमोडिटी को इस तरह से सोर्स करना चाहिए जिससे स्थानीय समुदायों को कोई नुकसान न हो और इकोसिस्टम भी सुरक्षित रहे. सप्लायर को अपने अपस्ट्रीम सप्लायर की परफ़ॉर्मेंस को सामाजिक और पर्यावरण के लिहाज़ से लगातार मॉनिटर करना चाहिए. इसके लिए, उनके उचित जांच-पड़ताल करनी चाहिए और Amazon के अनुरोध पर इससे संबंधित दस्तावेज़ भी मुहैया कराने चाहिए.

# ज़मीन और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े अधिकार

**1. ज़मीन और प्राकृतिक संसाधन से जुड़े अधिकार**

सप्लायर को हर व्यक्ति, स्वदेशी लोगों और स्थानीय समुदायों के ज़मीन पर कानूनी अधिकार का सम्मान करना चाहिए, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों (जैसे कि मत्स्य पालन, जंगल और पानी पर उनके स्थापित सार्वजनिक, निजी, सांप्रदायिक, सामूहिक, स्वदेशी और पारंपरिक अधिकार शामिल हैं. सप्लायर को हमारी सप्लाई चेन में ज़मीन हथियाने या ज़मीन या प्राकृतिक संसाधनों के गैर-कानूनी इस्तेमाल जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होना चाहिए. सप्लायर द्वारा ज़मीन और प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल, जिसमें अधिग्रहण, विकास और लीज़ शामिल हैं, वह प्रभावित स्थानीय समुदायों जैसे कि महिलाओं, स्वदेशी लोगों और अन्य कमज़ोर समुदायों द्वारा स्वेच्छा से, पहले से और सोच समझकर दी गई सहमति (FPIC) पर निर्भर करता है. Amazon के अनुरोध पर, सप्लायर के लिए ज़मीन और/या प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल का कानूनी अधिकार दिखाना ज़रूरी है.

# नैतिक आचरण

1. रिश्वत नहीं. Amazon उन सप्लायर के साथ काम नहीं करता जो किसी भी कारण से रिश्वतख़ोरी में शामिल होते हैं, फिर चाहे वह सरकारी अधिकारियों के साथ सौदेबाज़ी के दौरान हो या फिर निजी क्षेत्र के साथ. इसमें किसी भी कारण से किसी को अनावश्यक या अनुचित लाभ पाने या देने के लिए किसी भी मूल्यवान चीज़ की पेशकश करना, वादा करना, देना या स्वीकार करना शामिल है. सप्लायर को Amazon के किसी भी कर्मचारी को हमारे व्यापार आचरण और नैतिकता की संहिता का उल्लंघन करने के लिए उकसाना नहीं चाहिए.

**2. भ्रष्टाचार-निरोधक**

आपूर्तिकर्ताओं के लिए आवश्यक है कि वे अमरीकी विदेश भ्रष्ट आचरण अधिनियम और यूनाइटेड किंगडम रिश्वतख़ोरी अधिनियम सहित, लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का अनुपालन करें और Amazon की ओर से किसी सरकारी अधिकारी को कभी रिश्वत नहीं दी जानी चाहिएचाहिए। सप्लायर, सरकारी अधिकारियों को कोई अनुचित काम करने के लिए उकसाने या अनुचित काम करने के बदले इनाम देने के लिए उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी मूल्यवान चीज़ की पेशकश नहीं कर सकते, दे नहीं सकते या देने का वादा नहीं कर सकते. प्रतिबंधित भुगतान में नकद या नकदी के समतुल्य, उपहार, भोजन, और मनोरंजन सहित कई चीज़ें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. इस प्रावधान की व्यावहारिकता से संबंधित कोई भी प्रश्न या इस प्रावधान के अपवाद, Amazon के विधि विभाग को भेजे जाने चाहिए. सप्लायर को मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड रखने और प्रवर्तन प्रक्रियाओं को लागू और बनाए रखना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके.

**3. किसी गलत काम या व्यवहार की खबर देने वाले कर्मचारी की सुरक्षा**

सप्लायर को चाहिए कि वे किसी गलत काम या व्यवहार की खबर देने वाले कर्मचारी की गोपनीयता की सुरक्षा करें, जो अच्छी नीयत से सप्लायर या किसी कर्मचारी या सप्लायर के अधिकारी द्वारा किए गए किसी गलत काम (जैसे कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने या मानवाधिकार के उल्लंघन से संबंधित, कार्यस्थल पर किसी गलत काम की शिकायत और गलत तरीके से बिज़नेस करने) की रिपोर्ट करते हैं.

**4. पारदर्शिता**

Amazon, सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे काम करने के माहौल और सुविधाओं (जैसे कि वेतन और काम करने के घंटों का रिकॉर्ड), सब-कॉन्ट्रैक्टर और लेबर एजेंट का पूरी और सटीक रिकॉर्ड रखें. सप्लायर से यह अपेक्षा की जाती है कि वे Amazon के अनुरोध पर, सामान और कॉम्पोनेंट सामग्री के कस्टडी रिकॉर्ड की सटीक चेन की जानकारी दें. Amazon के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह सप्लायर का आकलन करें कि वह इन स्टैंडर्ड का अनुपालन करते हैं या नहीं. सप्लायर के कर्मचारी, स्वास्थ्य और सुरक्षा, मानवाधिकारों, पर्यावरण, कमोडिटी सोर्सिंग, नैतिक या मैनेजमेंट के तरीकों की जानकारी Amazon के अनुरोध पर ही दी जा सकती है, जहां यह दिखाना ज़रूरी हो जाता है कि सभी चीज़ें इन स्टैंडर्ड या लागू विनियमों के मुताबिक हैं. सप्लायर, Amazon द्वारा किसी भी जानकारी के अनुरोध या आकलन पर, इन ज़िम्मेदारियों को पूरा करने की पुष्टि के लिए पूरा सहयोग देगा या जानकारी देने और रिपोर्टिंग की हमारी शर्तों को पूरा करेगा. सप्लायर को सप्लाई चेन में गलत रिकॉर्ड नहीं दिखाना चाहिए और न ही स्थितियों और काम के तरीकों को गलत तरीके से पेश करना चाहिए.

**5. गोपनीयता और डेटा सुरक्षा**

जब व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा, स्टोर, प्रोसेस, ट्रांसमिट और शेयर की जाती है, तो सप्लायर को चाहिए कि वे लागू गोपनीयता और सूचना सुरक्षा कानूनों और विनियामक शर्तों का पालन करें. Amazon के अनुरोध पर, सप्लायर को सप्लायर रिलेशनशिप के दायरे में डेटा और जानकारी के इस्तेमाल और मैनेजमेंट का खुलासा करना चाहिए. सप्लायर को किसी भी कर्मचारी की गोपनीयता में मनमाने ढंग से दखलअंदाज़ी नहीं करनी चाहिए. Amazon को इन स्टैंडर्ड के तहत जानकारी इकट्ठा करने से रोकने के लिए इस सेक्शन में किसी भी चीज़ की व्याख्या नहीं की जानी चाहिए, जब तक कि सप्लायर यह नहीं बताते कि ऐसा करने से कानून का उल्लंघन होता है.

**6. ज़िम्मेदार आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस**

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) का विकास (या विकास करने में योगदान) करने, उसे ट्रेन या इस्तेमाल करने वाले सप्लायर को ऐसा करने के लिए कानूनी शर्तों का पालन करना चाहिए और ज़िम्मेदार AI के लिए सबसे अच्छे तरीके अपनाने की कोशिश करनी चाहिए.

**7. व्यापार**

सप्लायर को इंपोर्ट, री-इंपोर्ट, प्रतिबंधों, बहिष्कार विरोधी,एक्सपोर्ट और री-एक्सपोर्ट

कंट्रोल से जुड़े सभी लागू कानूनों का पालन करना चाहिए. सप्लायर को Amazon को ऐसे कोई भी सामान या सेवाएं नहीं देनी चाहिए, जो प्रतिबंधित या निषिद्ध हैं. इनमें किसी देश में बने या किसी व्यक्ति, कॉर्पोरेशन, संगठन या इकाई द्वारा निर्मित या दिए जाने वाले सामान या सेवाएं शामिल हैं, जिन पर संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोपीय संघ और किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण द्वारा प्रतिबंध, रोक, या कोई अन्य पाबंदियां लगाई गई हैं.

# प्रबंधन प्रणालियाँ

**1. प्रबंधन प्रणालियाँ**

सप्लायर को ऐसा मैनेजमेंट सिस्टम अपनाना चाहिए जिससे  कि इन स्टैंडर्ड के अनुपालन में लगातार सुधार दिखे और लागू कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके.

प्रबंधन की जवाबदेही और जिम्मेदारी. सप्लायर के पास खास तौर से ऐसे प्रतिनिधि होने चाहिए जिनकी ज़िम्मेदारी लागू कानूनों, हमारे स्टैंडर्ड का अनुपालन सुनिश्चित करना हो, साथ ही कानूनी शर्तों के मुताबिक वे सप्लायर के सबसे प्रमुख मानवाधिकार और पर्यावरण संबंधित जोखिमों को भी दूर करें. वरिष्ठ प्रबंधन को नियमित रूप से प्रबंधन प्रणालियों और कार्यक्रमों की समीक्षा और आकलन करना चाहिए.

**जोखिम प्रबंधन:** सप्लायर को पर्यावरण, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिकता से जुड़े उन जोखिमों की पहचान करने, उन्हें रोकने, दूर करने, कम करने और उनका आकलन करने के लिए उचित प्रक्रिया बनानी होगी जो उनके कारोबार के काम करने के तरीके से संबंधित हैं. सप्लायर को परफ़ॉर्मेंस लक्ष्यों, टारगेट और लागू किए जाने वाले प्लान को विकसित और ट्रैक करना चाहिए. साथ ही, खुद से आकलन करने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए और लगातार सुधार करना चाहिए. इसके अलावा, मैनेजमेंट को पहचाने गए जोखिमों को नियंत्रित करने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लागू कानूनों और विनियमों की पहचान करने, उन्हें मॉनिटर करने समझने के लिए उचित प्रक्रियाएं विकसित करनी चाहिए. सप्लायर को खुद के संचालन और सप्लाई चेन में इन स्टैंडर्ड को लगातार मॉनिटर और लागू करने की ज़रूरत होती है, जिसमें सब-कॉन्ट्रैक्टर भी शामिल हैं. सप्लायर को खुद का आकलन कर सुधार करना चाहिए, ताकि वे इन स्टैंडर्ड में बताए गए, हमारे और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें या उनसे भी बेहतर कर सकें.. सप्लायर को चाहिए कि वे महिलाओं और बच्चों, स्वदेशी लोगों और अस्थाई या प्रवासी कर्मचारियों जैसे कमज़ोर समूहों से संबंधित जोखिमों का लगातार आकलन करें.

2. प्रशिक्षण

सप्लायर को मैनेजर और कर्मचारियों के लिए समय-समय पर उचित ट्रेनिंग प्रोग्राम तैयार करने चाहिए, ताकि  सप्लायर नीतियां, इन स्टैंडर्ड को लागू किया जा सके और लागू कानूनी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके. हम इस बात के लिए बढ़ावा देते हैं कि मैनेजर और कर्मचारियों के लिए सभी ट्रेनिंग इस तरह से तैयार किए जाने चाहिए, जो उन समस्याओं को दूर कर सके जिन का असर महिलाओं और कमज़ोर समूहों पर पड़ता है.

**3. संचार और कर्मचारी  प्रतिक्रिया**

सप्लायर को Amazon और सप्लायर नीतियों, काम करने के तरीकों और अपेक्षाओं के बारे में कर्मचारियों को साफ़ और सटीक जानकारी देनी चाहिए. Amazon हमारे सप्लायर को इस बात के लिए बढ़ावा देता है कि वे ऐसी प्रक्रिया लागू करें जिससे कि अधिकारों और ज़िम्मदारियों के बारे में कर्मचारियों की समझ को परखा जा सके और उन्हें कर्मचारी मैनेजमेंट समितियों, वर्कर वॉइस डॉयलॉग या मिलते-जुलते फ़ोरम के ज़रिए जोड़े रखा जा सके. Amazon, सप्लायर से यह अपेक्षा करता है कि वे ऐसी जगहों पर कर्मचारियों को शिक्षित करने वाला कॉन्टेंट पोस्ट करें, जहां कर्मचारी उन्हें आसानी से पढ़ सकें और कॉन्टेंट का अनुवाद उनके स्थानीय भाषा (भाषाओं) में करें, मुख्य समस्याओं के जोखिमों के बारे में कर्मचारियों को ट्रेन करें और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी या ट्रेनिंग दें. सप्लायर को संभावित निरक्षरता और सामाजिक-सांस्कृतिक अंतर के बारे में पता होना चाहिए और कम्युनिकेशन और ट्रेनिंग में इन चीज़ों का ध्यान रखा जाना चाहिए.

**4. निवारण**

सप्लायर को आंतरिक और बाहरी आकलन, निरीक्षण, जांच, समीक्षा और रिपोर्ट के ज़रिए पहचान की गई गैर-अनुपालन की समस्या को समय पर दूर करने के लिए प्रक्रिया बनाए रखनी चाहिए.

**5. दस्तावेज़ और रिकॉर्ड**

सप्लायर को चाहिए कि वे बिज़नेस रिकॉर्ड को इस तरह से बनाएं, उनका रखरखाव करें और उन्हें नष्ट करें, जो लागू कानूनी शर्तों और इन स्टैंडर्ड के मुताबिक हो. सप्लायर को निजता की सुरक्षा के लिए उचित गोपनीयता बनाए रखनी चाहिए. सभी फ़ैसिलिटी के पास वैध बिज़नेस लाइसेंस होना चाहिए; सप्लायर की ज़िम्मेदारी है कि वे सभी कानूनी शर्तों की समीक्षा करें और उनका पालन करें और उनके पास वे ज़रूरी परमिट और दस्तावेज़ उपलब्ध हों, जो संचालन के लिए ज़रूरी हैं, जिसमें कि उदाहरण के लिए, लाइसेंस (जैसे कि स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े परमिट, ऑक्यूपेंसी परमिट वगैरह) और ज़रूरी कस्टम रिकॉर्ड शामिल हैं.